नईदुनिया



# जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुरः शर्मा

**भोपाल (काप्र)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पन्ना में भगवान जुगल किशोर मंदिर में पूजन अर्चन कर रोड शो में शामिल होकर जनता का अभिवादन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न समाज के पदाधिकारियों, व्यापारियों और आमजन से संवाद किया।

श्री शर्मा ने गांधी चौक में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खजुराहो की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुर है। जनता के मूड को देखते हुए पहले कांग्रेस ने और फिर समाजवादी पार्टी ने मैदान छोड़ दिया। विपक्ष का कौन उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा है, नजर ही नहीं आता। इस क्षेत्र में इंडी गठबंधन का कोई भी बड़ा नेता प्रचार के लिए नहीं आया। पूर्व में श्री शर्मा ने प्राचीन किले में पूज्य संत बरम बाबा जी की समाधि का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे पिछले चुनाव में भी भारी मतों से जिताकर संसद भेजा था। आज कड़ी धूप में रोड शो के दौरान विशाल जनसमुदाय का जो आशीर्वाद मुझे मिला है, उसने मुझे अहसास करा दिया है कि यहां की जनता भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से कितनी प्रभावित है। मैं इसके लिए हमेशा यहां की जनता का आभारी रहूंगा। श्री शर्मा ने रोड शो में कहा कि इस बार खजुराहो के हर बूथ पर कमल खिलेगा। इस कमल को स्वर्ण कमल बनाकर मोदी को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हर गरीब का जीवन बदला है, देश की दशा और दिशा बदली है।

श्री शर्मा ने भगवान जुगल किशोर मंदिर प्रांगण से रोड शो प्रारंभ कर बड़ा बाजार, गोविंद मंदिर चौराहा, कोतवाली चौराहा से कटरा मोहल्ला होते हुए गांधी चौक पर संपन्न हुआ। रोड शो के दौरान आमजन ने घरों से फूल बरसाए और माला पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों पर नाचते कार्यकर्ताओं और आम लोगों को जोश देखते ही बनता था। रोड शो के दौरान युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अबकी बार 400 पार के नारे से शहर गुंजायमान हो गया। रोड शो के दौरान पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक सदानंद गौतम, जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 12 वीं की प्रावीण्य सूची में एटी की मुस्कान चौथे नंबर पर

**भोपाल (हिनप्र)।** नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनन्दराम टी शाहानी कन्या विद्यालय की छात्रा मुस्कान आवतानी ने 12वीं की वाणिज्य संकाय की प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। मुस्कान ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।




हाई स्कूल में हर्षिता मालवीय 94.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, खुशी गोस्वामी 86.8 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय रही हैं। नाजिया कुरेशी ने 86.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकंडरी में वाणिज्य संकाय में मुस्कान अवतानी 96 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, शगुन माली 93.6 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे और सोनी खरवार 87.4 अंक लाकर तीसरे नंबर पर रही हैं। विज्ञान संकाय में नंदनी जैन ने 84.4 प्रतिशत, दिशा वाधवानी 78.8 प्रतिशत, शशि अहिरवार 78.6 प्रतिाशत, कला संकाय मे खुशी यादव ने 70.2 प्रतिशत अंक लाए हैं।

वहीं केटी शाहानी बालक विद्यालय का हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत रहा है। बारहवीं देवांशु सोनी 91 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, मोहम्मद शरीफ व राघव लिटोरिया 89 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा आनंद शाह ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान रहे हैं। सुमित चौधरी ,अनमोल प्रजापति, पियूष मेघानी ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रहे हैं। दसवीं के छात्र सिकंदर प्रजापतिने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम चिराग अहिरवार 76 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा रोहन सेन ने 73 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया दसवीं का परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक है। प्रावीण्य सूची में आई मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय अभिभावक, टीचर्स को दिया है। मुस्कार ने कहा कि विघालय में नियमित पढ़ाई व सतत परिश्रम कर के सफलता प्राप्त की है। मुस्कार का लक्ष्य सीए बनना है। इस नवयुवक सभा के उपाध्यक्ष महेश दयारामानी ने विद्यालय आकर मुस्कान को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी।

## मुकिता की कविता का विज्ञान संकाय की मैरिट लिस्ट में नाम

**भोपाल (हिनप्र)।** 12 वीं परीक्षा में मुकिता इंटर नेशनल विद्यालय की कविता मेवाड़ा ने विज्ञान संकाय में जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में नाम दर्ज कराया है। विद्यालय का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12 वीं में विज्ञान संकाय की कविता मेवाड़ा 500 में से 476 अंक हासिल कर प्रावीण्य सूची में आई हैं। कक्षा 10 में पांच विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। 16 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। 12वी में 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत, 23विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय सिद्धभाऊ, स्कूल प्रबंधन एवंअभिभावकों को दिया है। उनका कहना है सिद्धभाऊ द्वारा समय-समय पर मार्गदर्शन दिया गया एवं परीक्षा पूर्व तैयारी के टिप्स काम आए हैं। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ विद्यालय गांधीनगर के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम बेहतर रहा, जिसमें 126 छात्राओं में से 87 प्रथम श्रेणी, 27 द्वितीय श्रेणी प्राप्त की तथा प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के हाई स्कूल में 99 छात्रों में से 51 प्रथम श्रेणी, 35 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है। लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय का हायर सेकण्डरी का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा है। परीक्षा में सम्मिलित 105 छात्राओं में से 82 प्रथम श्रेणी, 13 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल का हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। परीक्षा में सम्मिलित 74 छात्रों में से 51 ने प्रथम श्रेणी, 16 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है।



हाई स्कूल में लक्ष्मीदेवी स्कूल की छात्रा पायल राजपूत ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, सोनम साहू व मुस्कान पाटीदार ने 90.2 द्वितीय एवं छात्रा वंशिका यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहीं। प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के छात्र अजय पाण्डे ने 91.6 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्र शिवांषु सिंह ने 89.2 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा विवेक अहिरवार ने 87.8 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

हायर सेकेण्डरी में लक्ष्मीदेवी स्कूल की छात्रा अर्शीन खान ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, छात्रा दिव्या उदासी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, छात्रा राधिका ठाकुर ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के छात्र अमित गुर्जर ने 92.2 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, छात्र अरूण चौकसे ने 90.2 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा वरूण तेजवानी ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

# हाई स्कूल में संस्कार की याशिका जिला स्तर पर तीसरे नंबर रहीं



**भोपाल (हिनप्र)।** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल का पाँचवीं परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत, आठवीं का 96 प्रतिशत, दसवीं का 93 प्रतिशत एवं बारहवीं का 90 प्रतिशत रहा है। विद्यालय में हाई स्कूल में 91 विद्यार्थी एवं हायर सेकेण्डरी में 92 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए।

हायर सेकण्डरी में वाणिज्य संकाय में राहुल केसवानी 93.40 ने प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, हर्षिता पमनानी ने 92.60 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा यश जैन ने 90.40 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान संकाय में अनुष्का झुमनानी 92.40 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहीं, कृष्णा टिमानी 92.20 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय एवं भरत दांगी 91.30 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

हाई स्कूल में याशिका लालवानी ने 95.80 प्रतिशत अंकों के जिला स्तर पर तृतीय स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हर्षिता लालवानी 92.60 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय स्तर पर द्वितीय एवं चंचल त्यागी 92.20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। पाँचवीं में विद्यालय स्तर पर सिया लोखण्डे 92 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, श्रीनू सिंह 91.70 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय एवं सिमरन केसवानी 90.20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे हैं।

आठवीं में विद्यालय स्तर पर अंजली अग्रवाल 91.16 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, भावेश वाधवानी 90.83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं अनन्या चन्द्रवंशी 90.66 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने संस्कार के परीक्षा परिणाम को श्रेष्ठ बताते हुए बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई दी है।

# तमिल नव वर्ष हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया

**भोपाल (काप्र)।** भोपाल तमिल संगम भोपाल /कला केंद्र भोपाल/ नव शक्तिपीठ भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में तमिल नव वर्ष बड़े हर्षोल्लास उत्साह के साथ बीएचईएल संस्कृतिक भवन में manaya Gaya बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ चेन्नई से मशहूर गायक जय कृष कोयंबटूर से हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित लिटिल चैंप सुपर सिंगर कुमारी श्रीनिधा ने एक से बढ़कर एक गाने गए दिल्ली से के सुरेश एवं निकिता रामलिंगम पधारे दोनों गायको ने पूरे सभागार का माहौल संगीत में बना दिया नये एवं पुराने गीत गाया कारकुड़ी से एस पी राजकुमार ने पुराने नए गीतों पर तमिलनाडु की सबसे पुरानी परंपरा को जिंदा रखते हुए विभिन्न वेशभूषा में नृत्य कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया इसके अलावा टोक्यो तमिल संगम जापान से पधारे अशोक ने कार्यक्रम के बीच-बीच में कॉमेडी करके लोगों को खूब हंसाया और पूरे कार्यक्रम का संचालन भी बहुत अच्छे तरीके से किया।




इस कार्यक्रम में एस एम रामनाथन कार्यपालक निदेशक बीएचईएल भोपाल/ शिव कुमार बोस मुख्य महाप्रबंधक रिजर्व बैंक आफ इंडिया भोपाल/ मुकुंदन महासचिव तमिल संगम दिल्ली/ एम रवि अधिवक्ता एवं संरक्षक तमिल संगम भोपाल/डॉ सुरेश कुमार एम डी जीनीयस मेकर ग्रुप भोपाल/ बी कुमार महासचिव दिल्ली इलक्किया पेरवई आदि उपस्थित थे।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### विरासत पर टैक्स...

हो गया है। देश के संविधान में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। स्वयं बाबा साहेब अंबेडकर भी धर्म के नाम पर आरक्षण के विरुद्ध थे लेकिन कांग्रेस ने वर्षों पहले धार्मिक आरक्षण का खतरनाक संकल्प लिया और इस संकल्प को पूरा करने के लिए कांग्रेस वर्ष दर वर्ष भांति भांति के हथकंडे अपना रही है। कांग्रेस देशवासियों के आंखों में धूल झोंककर अपना खेल कर रही है। कांग्रेस ने 2004 में आंध्रप्रदेश में धर्म आधारित आरक्षण देकर संविधान की मूल भावना का उल्लंघन किया। इसके बाद 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने दोनों बार धर्म के आधार पर आरक्षण का वादा किया था। कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी का 15 प्रतिशत कोटा काटकर धर्म के आधार पर बांटना चाहती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज्यों में चल रहे एससी एसटी और ओबीसी के आरक्षण को काट कर मुस्लिमों को देने के खेल को बंद करने के लिए मोदी को 400 पार चाहिए। मोदी को दलितों, आदिवासियों और ओबीसी के आरक्षण की रक्षा करनी है। मोदी जनता को रक्षण देकर ही रहेगा। कांग्रेस जनता की संपत्ति भी छीनना चाहती है। कांग्रेस देश में संपत्ति का सर्वे करवाकर अधिक संपत्ति और महिलाओं के गहने छीन कर अपने वोटबैंक को बांटने की बात कहती है। जनता को ये बिल्कुल मंजूर नहीं है। आज कांग्रेस का छिपा हुआ एजेंडा बाहर आ गया है। कांग्रेस ने आज विरासत पर टैक्स लगाने की घोषणा की है। भारत में हर घर में बुजुर्ग अपने पोता-पोतियों के लिए संपत्ति को बचाए रखते हैं लेकिन कांग्रेस इस विरासत पर भी कर लगाना चाहती है। कांग्रेस भारत के सामाजिक मूल्यों इतना कट चुकी है कि कांग्रेस को पारिवारिक मूल्यों का भी अंदाजा नहीं रहा है। भारतीय जरूरत के हिसाब से पैसे खर्च करते हैं, और बचत करने का प्रयास करते हैं लेकिन कांग्रेस पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली संपत्ति को भी लूटना चाहती है। कांग्रेस का मंत्र है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ और जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस को देश की पहचान और संविधान से नफरत है इसीलिए ये हर तरीके से देश की साख को कमजोर करना चाहते हैं। ये नेता समाजों को आपस में लड़वाने के लिए नए नए पैंतरे अपनाते हैं। कांग्रेस अब कह रही है कि यह कांग्रेस के शहजादे के सलाहकार का निजी बयान है जबकि 2011 में भी कांग्रेस ने देश में विरासत कर लागू करने की वकालत की थी। विरासत पर टैक्स लगाने की कांग्रेस की इच्छा बहुत पुरानी है। इंडी गठबंधन अब तक अपने नेतृत्व को तय नहीं कर पाया है, लेकिन भाजपा के पास मोदी का नेतृत्व, 10 वर्ष के कार्यों का हिसाब और अगले 25 वर्षों के विकास का रोडमैप है। इंडी गठबंधन के दल हर वर्ष, नया प्रधानमंत्री की योजना बना रहे हैं। यह मुंगेरीलाल के हसीन सपने नहीं, बल्कि देश को तबाह करने का खेल है।

### अमेरिका में मोदी जैसे...

है। उन्होंने पीएम मोदी के सख्त होने और उनके द्वारा देश के सख्त नौकरशाही प्रणालियों को तोड़ने का भी जिक्र किया। उन्होंने भारत के टैक्स सिस्टम की भी खूब प्रशंसा की और कहा कि राज्यों द्वारा अपनाई गई कर सिस्टम में असमानता को समाप्त करके पीएम मोदी की सरकार ने इससे भ्रष्टाचार को समाप्त कर दिया।

### दसवीं में 58.10, बारहवीं...

हैं। एमपी बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में टॉप टेन में स्थान बनाने वाले छात्रों की संख्या 82 है। कालापीपल शाजापुर के जयंत यादव ने 12वीं में कला समूह से टॉप किया है। मालूम हो कि इस साल इन दोनों परीक्षाओं में 17 लाख से अधिक स्टूशडेंट्स ने भाग लिया था। लोकसभा चुनाव के चलते जारी आदर्श आचार संहिता की वजह से इस बार परीक्षा परिणाम में टॉपर्स बच्चों और विभाग के मंत्री को नहीं बुलाया गया था।

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए बोर्ड परीक्षा परिणाम में 12वीं का परीक्षा परिणाम पिछले साल से मुकाबले इस साल बेहतर रहा। सभी विषयों को मिलाकर 12वीं कक्षा की मेरिट लिस्ट को देखें तो मैथ्स समूह से 493 नंबर लेकर अंशिका मिश्रा ने प्रदेश में टॉप किया है। वह रीवा जिले के शिक्षा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्र हैं। इसी तरह पहले नंबर पर ही कॉमर्स ग्रुप की मुस्कान दांगी रही है उन्होंने 493 नंबर हासिल किया है वह विदिशा जिले के सिरोंज के सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा हैं। तीसरे नंबर पर मैथ्स समूह से अंकित चौबे हैं जिन्होंने 491 नंबर हासिल किया है बे छतरपुर जिले के महाराजपुर के शासकीय नेहरू विद्यालय के छात्र हैं। तीसरे नंबर पर गीता लोधी रही हैं उन्होंने मैथ्स समूह में 490 अंक हासिल किए हैं वह नरसिंहपुर की उत्कृष्ट विद्यालय की छात्र हैं। दसवीं कक्षा में मंडला जिले के नैनपुर के ज्ञान ज्योति इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अनुष्का अग्रवाल ने टॉप किया है इन्होंने 500 में से 495 अंक हासिल किए हैं दूसरे नंबर पर कटनी जिले के माधव नगर उत्कृष्ट विद्यालय की रेखा रेबारी रही है उन्होंने 493 अंक हासिल किए हैं तीसरे नंबर पर आगर मालवा जिले के सुसनेर की विवेकानंद राष्ट्रीय विद्यालय की स्मिता तोमर भी दूसरे नंबर पर रही हैं इनके नंबर भी 493 हैं। रीवा जिले के आनंदपुर की इंडियन एक्सीलेंस स्कूल की स्नेहा पटेल भी 493 अंक हासिल करके दूसरे नंबर पर हैं सतना जिले के बिहरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सौरभ सिंह तीसरे नंबर पर आए हैं उन्होंने 492 अंक हासिल किए हैं। चौथे नंबर पर रीवा जिले के महसुवा सुबह अरविंदो बाल विद्या मंदिर की छात्रा सौम्या सिंह 491 नंबर हासिल करके चौथे नंबर पर रही हैं। जबलपुर के गंगानगर की अंकित उरमालिया 491 नंबर लेकर चौथे नंबर पर हैं। नैनपुर के ही मंडला जिले के नैनपुर ज्ञान ज्योति इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी की खुशबू कुमारी 491 नंबर हासिल करके चौथा नंबर पर हैं दमोह जिले के शासकीय आदर्श उत्कृष्ट विद्यालय की प्रगति असाटी 400 नंबर 490 नंबर हासिल करके पांचवें नंबर पर हैं मुरैना की पुरुष के आरडीएस पब्लिक स्कूल की श्रुति तोमर 490 नंबर हासिल करके पांचवें नंबर पर हैं भिंड जिले के कस्तूर भी कन्या स्कूल की गुनगुन शाक्य 490 नंबर लेकर पांचवें नंबर पर आई है छतरपुर जिले के शासकीय महाराज बहुउद्देशीय उत्कृष्ट विद्यालय की निकिता चौरसिया 490 नंबर लेकर पांचवें नंबर पर हैं छतरपुर जिले के शासकीय महाराज बहुउद्देशीय उत्कृष्ट विद्यालय की नियति साहू 490 नंबर लेकर पांचवें नंबर पर हैं। छतरपुर जिले के ही महाराज उत्कृष्ट विद्यालय के अजय पटेल 489 नंबर लेकर छठवें स्थान पर हैं दमोह जिले के आदर्श उत्कृष्ट विद्यालय के पंकज पटेल 489 अंक लेकर छठवें स्थान पर हैं।

12वीं कक्षा में 500 में से 493 नंबर हासिल करके रीवा जिले के शिक्षा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की अंशिका मिश्रा ने 500 में से 493 नंबर हासिल करके टॉप किया है वहीं कॉमर्स ग्रुप से भी 500 में से 493 अंक हासिल करके विदिशा जिले के सिरोंज की सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा कुमारी मुस्कान दांगी ने प्रदेश में टॉप किया है।12वीं कक्षा में टॉपर में मैथ्स और कॉमर्स की दो छात्राएं शामिल रही हैं। आर्ट समूह में शाजापुर के कालापीपल के सहारा पब्लिक स्कूल के जयंत यादव ने 487 नंबर हासिल करके टॉप किया है 486 नंबर हासिल करके शाजापुर के ही सहारा पब्लिक स्कूल के कुलदीप मेवाड़ा दूसरे नंबर पर रहे हैं तीसरे नंबर पर नरसिंहपुर जिले के नरसिंह पब्लिक हाई स्कूल खैरी नाका की निशा भारती ने 484 नंबर हासिल करके तीसरा नंबर हासिल किया है। मैथ्स समूह में 493 नंबर हासिल करके रीवा जिले के शिक्षा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के की अंशिका मिश्रा ने टॉप किया है दूसरे नंबर पर छतरपुर जिले के महाराजपुर के शासकीय नेहरू विद्यालय के अंकित चौबे ने दूसरे नंबर पर रहे हैं उन्होंने 491 नंबर हासिल किया है 490 अंक हासिल करके तीसरे नंबर पर नरसिंहपुर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की गीता लोधी रही हैं। कॉमर्स समूह में 500 में से 493 नंबर हासिल करके विदिशा जिले के सिरोंज की सी सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा मुस्कान डांगी ने 493 नंबर हासिल करके टॉप किया दूसरे नंबर पर छतरपुर जिले की महाराज उत्कृष्ट विद्यालय की गरिमा जैन है उन्होंने 482 नंबर हासिल किए हैं तीसरे नंबर पर नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा के टैगोर वन स्कूल की गोरी जायसवाल 482 नंबर हासिल करके दूसरे नंबर पर ही हैं इसी तरह नैनपुर मंडला के ज्ञान ज्योति पीएम हायर सेकेंडरी स्कूल की दिया कोटवानी भी दूसरे नंबर पर रही हैं उन्होंने भी 482 नंबर हासिल किए हैं तीसरे नंबर पर 481 नंबर हासिल करके इंदौर के नंदा नगर पिंक फ्लावर स्कूल की फाल्गुनी पवार रही है।

### लोकसभा चुनाव के...

है। राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है। श्री कुमारस्वामी की पार्टी जनता दल (सेक्युलर) का भाजपा के साथ गठबंधन हैं। केरल की तिरुअनंतपुरम सीट भी चर्चा में है, जहां से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर से है। राजस्थान की जोधपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से तीसरी बार चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मथुरा सीट से हेमा मालिनी और मेरठ सीट से धारावाहिक रामायण का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल पर भी सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।

मलेरिया दिवस आज

# सामुदायिक सहभागिता के लिए आयोजित होंगी जागरुकता गतिविधियां

भोपाल (काप्र)। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर 25 अप्रैल को जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इस वर्ष यह दिवस एक्सलरेट द फाईट अगेन्स मलेरिया फार ए मोर इक्यूटेबल वर्ल्ड मनाया जायेगा।

इस अवसर पर 25 अप्रैल को अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में मलेरिया कार्यशाला आयोजित की जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं, स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में पोस्टर एवं ड्राइंग प्रतियोगिता, जागरूकता रैली मलेरिया प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी 60 वे सेशन में वर्ल्ड मलेरिया डे मनाए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए थे, जिसके परिप्रेक्ष्य में मलेरिया दिवस की शुरुआत 2008 में अफ्रीका से हुई थी। विश्व में अभी तक 40 देशों को मलेरिया फ्री घोषित किया गया है। भारत देश मलेरिया मुक्ति के रास्ते पर है एवं वर्ष 2030 तक जीरो मलेरिया लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास किए जा रहे है। भोपाल को वर्ष 2025 तक मलेरिया मुक्त करने के लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में भोपाल जिले में मलेरिया का कोई भी केस नहीं है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मलेरिया जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मलेरिया के लक्षणों, मलेरिया से बचाव के उपाय,जांच एवं उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य संस्थाओं में मलेरिया उपचार नीति के संबंध में उन्मुखीकरण किया जाएगा।

सैम पित्रोदा के बयान पर बोले शाह

# कांग्रेस की असली मानसिकता सामने आई

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के गृह मंत्री गृह मंत्री अमित शाह ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि लैम के बयान से कांग्रेस की असली मानसिकता सामने आ गई है। अमित शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा की टिप्पणी के बाद कांग्रेस पूरी तरह बेनकाब हो गई है। सबसे पहले उनके घोषणापत्र में सर्वेक्षण का जिक्र, मनमोहन सिंह का पुराना बयान जो कांग्रेस की विरासत है, वह यह कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, और अब सैम पित्रोदा की अमेरिका का हवाला देते हुए टिप्पणी कि पैसे के बंटवारे पर विचार-विमर्श होना चाहिए। इससे कांग्रेस की मानसिकता का पता चलता है।

अमित शाह ने कहा कि अब जब पीएम मोदी ने यह मुद्दा उठाया, तो राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी इस बात पर बैकफुट पर आ गई है। वह कह रहे हैं उनका मकसद यह कभी नहीं था। देश के गृह मंत्री ने कहा कि आज सैम पित्रोदा के बयान ने देश के सामने आज कांग्रेस का मकसद साफ हो गया है। ये लोग देश के लोगों की निजी संपत्ति का सर्वेक्षण करना चाहते हैं। कांग्रेस का मकसद इसे सरकारी संपत्ति में रखकर यूपीए के शासनकाल के दौरान फैसले के मुताबिक बांटना है। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस या तो इसे अपने घोषणापत्र से वापस ले या इस बात को स्वीकार करे कि यही उसका वास्तविक इरादा है। अमित शाह ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान को गंभीरता से लिया जाए, क्यों कि उनकी मंशा अब सामने आ गई है। लोगों को अब इसका संज्ञान लेना चाहिए। बीजेपी नेता जयवीर शेरगिल का बयान भी सामने आया है। उन्होंने भी सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी आलोचना की है. जयवीर शेरगिल ने कहा कि कांग्रेस को वोट देने का मतलब है अपनी 55त्न संपत्ति खोना पहले कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में फाइनेंशियल मैपिंग का जिक्र किया था. फिर राहुल गांधी ने हैदराबाद में धन वितरण के बारे में बात की। आज राहुल गांधी के मुख्य सलाहकार सैम पित्रोदा लोगों की 55प्रतिशत संपत्ति हड़पने के लिए एक कानून चाहते हैं। सैम पित्रोदा ने बड़ा खुलासा किया है कि सत्ता में आने पर कांग्रेस लोगों की कितनी प्रतिशत संपत्ति छीन लेगी।